श्री सभापति: नहीं-नहीं बैठ जाइए। Please take your seat.

श्री मोती लाल वोरा: कितने लोग काम करते हैं?

श्री महावीर प्रसाद: महोदय, लघु उद्योग में पी०एम०आर०वाई० का अलग से आंकड़ा आता है, आर०इ०जी०पी० का अलग से आता है और अन्य लघु उद्योग का अलग आता है, इसलिए मैं आप को अलग से लिखित में भेज दूंगा कि संपूर्ण लघु उद्योगों में कितने लोग काम कर रहे हैं।

यू० एस० ओ० निधि का उपयोग

*123. **श्री राम जेठमलानी:**††
श्री राज मोहिन्दर सिंह मजीठा:

क्या **संचार और सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लीगेशन फंड कर के रूप में वसूल किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष औसतन कितनी धनराशि एकत्र की गई;

(ग) प्राप्त धनराशि में से औसतन कितनी धनराशि बांटी गई; और

(घ) बांटी गई धनराशि के उपयोग का ब्यौरा क्या है?

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० शकील अहमद): (क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है?

विवरण

(क) इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, वायस मेल, ई-मेल आदि जैसे मूल्यवर्धित सेवा प्रदाताओं को छोड़कर सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के 5% की दर से सार्वभौमिक सेवा लेवी (यू०एस०एल०) का भुगतान कर रहे हैं।

(ख) सार्वभौमिक सेवा सहायता नीति 1.4.2002 से लागू हुई थी। वर्ष 2002-03 से 2004-05 की अवधि के दौरान वार्षिक रूप से औसतन 2418.19 करोड़ रुपए की राशि वसूल की गई थी।

(ग) वर्ष 2002-03 से 2004-05 की अवधि के दौरान वार्षिक रूप से औसतन 604.86 करोड़ रुपए की राशि संवितरित की गई थी। वर्ष 2005-06 के दौरान, 13.02.2006 तक 1,401.71 करोड़ रुपए संवितरित किए जा चुके हैं।

---

††सभा में यह प्रश्न श्री राम जेठमलानी द्वारा पूछा गया।

(घ) सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि से उपयोग की गई रकम का कार्यकलाप-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र॰ सं॰	कार्यकलाप का नाम	13.2.06 तक संवितरित आर्थिक सहायता (करोड़ रुपए)
1.	ग्रामीण सार्वजनिक टेलीफोनों (वीपीटी) का प्रचालन तथा रख-रखाव	414.12
2.	मल्टी एक्सेस रेडिया रिले (एमएआरआर) वीपीटी का प्रतिस्थापन	210.63
3.	ग्रामीण सामुदायिक फोन (आरसीपी) प्रदान करना	19.17
4.	टेलीफोन सुविधारहित ग्रामों में वीपीटी	20.44
5.	1.4.02 से पहले संस्थापित ग्रामीण घरेलू लाइनें (आरडोईएल)	1,191.78
6.	1.4.02 से 31.3.05 के बीच संस्थापित आरडीईएल	1,331.02
7.	1.4.05 से 31.3.07 तक प्रदान की जाने वाली आरडीईएल	29.14
	संवितरित कुल आर्थिक सहायता	3,216.30

Utilization of USO fund

£†*123. SHRI RAM JETHMALANI:††
SHRI RAJ MOHINDER SINGH MAJITHA:

Will the Minister of COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Universal Service Obligation Fund is being collected as tax;

(b) if so, the average amount collected annually during the last five years;

† Original notice of the question was received in Hindi.
††The question was actually asked on the floor of the House by Shri Ram Jethmalani.
£Question No. 123 and Question No. 129 were taken together.

(c) the amount disbursed on an average out of the received amount; and

(d) the details of the utilization made with the allocated amount?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (DR. SHAKEEL AHMAD): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) All the Telecom Service Providers except value added service providers like Internet Service Providers, Voice Mail, E-mail etc. are paying Universal Service Levy (USL) @ 5% of the Adjusted Gross Revenue (AGR).

(b) The Universal Service Support Policy came into effect from 1.4.2002. The average amount collected annually during the period 2002-03 to 2004-05 was Rs. 2,418.19 crore.

(c) The average amount disbursed annually during the period 2002-03 to 2004-05 was Rs. 604.86 crore. During the year 2005-06, Rs. 1,401.71 crore has been disbursed till 13.02.2006.

(d) The activity-wise details of the utilization of the amount out of USOF is as under:—

Sl. No.	Name of the activity	Subsidy Disbursed upto 13.02.06 (Rs. crore)
1.	Operation and Maintenance of Village Public Telephones (VPTs)	414.12
2.	Replacement of Multi-Access Radio Relay (MARR) VPTs	210.63
3.	Provision of Rural Community Phones (RCPs)	19.17
4.	VPTs in uncovered villages	20.44
5.	Rural Household Lines (RDELs) installed prior to 01.04.2002	1,191.78
6.	RDELs installed between 01.04.2002 to 31.03.2005	1,331.02
7.	RDELs to be provided from 01.04.2005 to 31.03.07	29.14
	Total Subsidy Disbursed	3,216.30